**मध्यप्रदेश शासन**
**वन विभाग**
**मंत्रालय, वल्लभ भवन**

**:: आदेश ::**

भोपाल, दिनांक 29/02/2024

क्रमांक 611/1695/2021/10-1:: विभागीय आदेश क्रमांक 1208/1695/2021/10-1, दिनांक 20.07.2021 द्वारा 01 वनपाल एवं 15 वनरक्षकों को प्रशासकीय सुविधा की दृष्टि से स्थानांतरित कर कूनो वन्यप्राणी वनमण्डल श्योपुर में पदस्थ किया गया है। उक्त आदेश के सरल क्रमांक 9. श्री अशोक सिंह विमल, वनरक्षक, वनमण्डल ग्वालियर का स्थानांतरण प्रशासकीय दृष्टि से करते हुए कूनो वन्यप्राणी वनमण्डल श्योपुर पदस्थ किया गया।

2/ उक्त स्थानांतरण के विरूद्ध माननीय उच्च न्यायालय खण्डपीठ ग्वालियर में श्री मोहित श्रीवास्तव, वनरक्षक द्वारा याचिका क्रमांक 14321/2021, श्री विजय वर्मा, वनरक्षक द्वारा याचिका क्रमांक डब्ल्यू पी 14153/2021 एवं श्री प्रमोद कटारे, वनरक्षक द्वारा याचिका क्रमांक डब्ल्यूपी 13693/2021 दायर की गई। विभागीय आदेश दिनांक 20.07.2021 में वरीयता संधारण के संबंध में स्पष्ट उल्लेख नहीं होने के कारण माननीय उच्च न्यायालय खण्डपीठ ग्वालियर द्वारा वनरक्षकों की वरीयता संधारण के संबंध में स्पष्ट उल्लेख करते हुये पुनः नवीन् (Fresh) आदेश जारी करने का निर्णय पारित किया गया।

उक्त आदेश के पालन में विभागीय आदेश क्रमांक 455/1695/2021/10-1, दिनांक 28.02.2022 द्वारा वरीयता के संबंध में स्पष्ट निर्देश सहित पुनः स्थानांतरण आदेश जारी किया गया, जिसके सरल क्रमांक 9. श्री अशोक सिंह विमल, वनरक्षक, वनमण्डल ग्वालियर का भी संशोधित निर्देश सहित स्थानांतरण आदेश जारी किया गया।

श्री अशोक सिंह विमल, वनरक्षक द्वारा अभ्यावेदन प्रस्तुत कर लेख किया कि प्रार्थी की पत्नि जिला ग्वालियर में शासकीय सेवा में होकर पदस्थ है अतः स्थानांतरण नीति के अनुसार पति-पत्नि की एक ही जगह पदस्थ करते हुये प्रार्थी का वनमण्डल ग्वालियर से कूनो वन्यप्राणी वनमण्डल श्योपुर किया गया स्थानांतरण निरस्त कर सामाजिक वानिकी ग्वालियर में पदस्थ करने की कृपा करें।

उक्त वर्णित स्थिति में राज्य शासन एतदद्वारा विभाग के आदेश दिनांक 20.07.2021 एवं पुनरीक्षित आदेश दिनांक 27.05.2022 द्वारा श्री अशोक सिंह विमल, वनरक्षक की वनमण्डल ग्वालियर से कूनो वन्यप्राणी वनमण्डल श्योपुर की गई पदस्थापना निरस्त कर यथावत वनमण्डल ग्वालियर में अस्थाई रूप से आगामी आदेश तक पदस्थ करता है।

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से
तथा आदेशानुसार

(अनुराग कुमार)
पदेन उप सचिव
मध्यप्रदेश शासन, वन विभाग

कक्ष/कर्मचारी नाम
अ.प्र.मु.व.स. (सू.प्रौ.)

Order 2023 H.S.Ahirwar

पृ0 क्रमांकः 612 /1695/2021/10-1 भोपाल दिनांक 29 /02/2024

**प्रतिलिपिः-**

1. विशेष सहायक, मान. वनमंत्री जी मध्यप्रदेश शासन, भोपाल।
2. प्रधान मुख्य वन संरक्षक एवं वन बल प्रमुख म0प्र0, भोपाल।
3. अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक (प्रशासन-।।), वन भवन, भोपाल।
4. अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक (सूचना एवं प्रौद्योगिकी), वन भवन, भोपाल की ओर बेवसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।
5. संबंधित मुख्य वन संरक्षक/वनमण्लाधिकारी....................................द्वारा अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक (प्रशा.-।।), वन भवन, भोपाल।
6. स्टाफ ऑफीसर, अपर मुख्य सचिव, म.प्र.शासन, वन विभाग।
7. संबंधित ....................................द्वारा अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक (प्रशा.-।।), वनभवन, भोपाल।
8. गार्ड फाईल।

की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु अग्रेषित।

पदेन उप सचिव
मध्यप्रदेश शासन, वन विभाग